## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–23.03.2024 (संध्या–1900 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने पलामू में विभिन्न जिलों के अधिकारियों के साथ की बैठक, कहा– निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव के लिए तैयारियां जोरों पर।**
2. **राज्य में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लगातार चल रहा है मतदाता जागरूकता अभियान; धनबाद, जमशेदपुर और कोडरमा में उपायुक्तों के नेतृत्व में कई कार्यक्रमों का आयोजन।**
3. **पुलिस महानिरीक्षक माइकल राज और पुलिस उप–महानिरीक्षक मनोज रतन चोथे ने किया विभिन्न मतदान केंद्र और चेकपोस्टों का निरीक्षण, सघन वाहन चेकिंग चलाने के दिए निर्देश।**

**और**

4. **जमशेदपुर में छठी राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप के महिला एकल वर्ग में उत्तराखंड और तमिलनाडु को विजेता का खिताब, देशभर से 450 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा।**

**और अब समाचार विस्तार से**

****************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सभी विभागों के पदाधिकारियों को समन्वयन के साथ काम करने के निर्देश दिए हैं। श्री कुमार ने आपराधिक और असामाजिक गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखने के भी आदेश दिए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आज पलामू, गढ़वा, लातेहार और चतरा जिलों में चुनाव की तैयारियों की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने पुलिस अधीक्षकों को अपने–अपने क्षेत्र के नामजद आरोपितों को अभियान चलाकर गिरफ्तार करने, प्रतिबंधित नशीले पदार्थों और अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने 27 मार्च तक सभी मतदान केन्द्रों पर सभी न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

****************

निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनावों की तैयारी कर रहा है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए आयोग ने दो हजार एक सौ पर्यवेक्षकों की टीम तैनात की है। यह पर्यवेक्षक देशभर में जिला चुनाव अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों पर निगरानी रखेंगे।

****************

राज्यभर में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सरायकेला–खरसावां जिले के शहरी क्षेत्रों में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है। इस सिलसिले में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला के नेतृत्व में आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर सभागार में एक मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

****************

धनबाद जिले की उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा है कि वोटर अवेयरनेस फोरम के माध्यम से सभी कार्यालय प्रधान यह सुनिश्चित करें कि उनके सभी कर्मियों का नाम मतदाता सूची में शामिल रहे। उपायुक्त ने कहा कि यदि किसी कर्मी का नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है तो 27 अप्रैल तक ऐसे सभी लोग अपने नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा लें।

****************

रामगढ़ जिले के उपायुक्त चन्दन कुमार की अध्यक्षता में आज होली, रमजान और आम चुनाव को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में उपायुक्त ने कहा कि किसी तरह की अशांति फैलाने की सूचना देने के लिए जिला कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। बैठक में शामिल पुलिस अधीक्षक विमल कुमार ने कहा कि जिले में पुलिस की गश्त तेज की गयी है और अपराध पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इधर, लोहरदगा जिले में भी उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता मे जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई जिसमें पर्व और चुनाव के दौरान आम लोगों से विधि–व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गयी।

****************

कोडरमा में लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में समाहरणालय परिसर की बाहरी दीवारों पर स्कूली बच्चों ने मतदाता जागरूकता से जुड़े कई पेंटिंग्स बनाए। इस अवसर पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने भी चित्रकारी की और मतदाता जागरूकता को लेकर दीवारों पर मतदान से जुड़ी आकृतियां उकेरी। कोडरमा लोकसभा के लिए पांचवें चरण में 20 मई को वोट डाले जाएंगे।

****************

बोकारो प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक माइकल राज ने जिले के सभी चेक पोस्टों पर सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा पुलिस महानिरीक्षक ने शराब तस्करी को पूरी तरह से रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं। इस मौके पर उन्होंने कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए झारखंड पुलिस पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इधर, चाईबासा प्रक्षेत्र के पुलिस उप–महानिरीक्षक मनोज रतन चोथे ने सरायकेला स्थित झारखंड–पश्चिम बंगाल सीमा पर नीमडीह में अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट का निरीक्षण किया।

****************

गोड्डा जिले से पुलिस ने शराब लदे एक ट्रक को जब्त किया है। पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा ने बताया कि एक अन्य घटना में सरोतिया गांव के पास चार युवकों को करीब 64 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा गया है। इधर, गिरिडीह से पुलिस ने अवैध शराब और मादक पदार्थ रखने के आरोप में तीन लोगों को हिरासत में लिया है।

****************

रामगढ़ जिले से सटे अंतरराज्यीय सीमा पर जांच के दौरान पुलिस ने करीब दो लाख रूपए बरामद किए हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक विमल कुमार ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

****************

गोड्डा जिले में ग्रामीणों को डॉक्टरों की टीम ने आंख, नाक, गला और पेट की बीमारियों की पहचान करने की विधि बतायी है। विस्तृत जानकारी के साथ हमारे संवाददाता –

**साउंड बाईट – रंजन कुमार, गोड्डा – 46 सेकेंड**

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार **एक्स** हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news **अंडर स्कोर**_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

****************

होली और आगामी ईद को देखते हुए कोडरमा जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थों की पहचान के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी ने बताया कि झुमरी तिलैया शहर के कई होटलों और मिठाई दुकानों से नमूने लेकर जांच के लिए रांची स्थित प्रयोगशाला में भेजा गया है। वहीं, नमकीन खाद्य सामग्रियों में भी नकली तेल और रिफाइन के इस्तेमाल की सूचना पर एक नमकीन फैक्ट्री को सील कर दिया गया है।

****************

झारखंड समेत देशभर में कल पाम संडे अर्थात खजूर रविवार मनाया जाएगा। ईसाई धर्मावलंबियों के लिए यह रविवार बेहद खास होता है, जिससे ईस्टर पूर्व पवित्र सप्ताह की शुरूआत होती है। प्रभु यीशू के येरूशलम में प्रवेश करने पर खजूर की डालियां हिलाकर उनका स्वागत किया गया था, जिसकी याद में यह त्योहार मनाया जाता है।

****************

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने आज चतरा जिले के हंटरगंज प्रखंड में कार्यरत एक कर्मचारी को आठ हजार रुपए रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। कर्मचारी एक प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका से रिश्वत ले रहा था।

****************

देवघर के उपायुक्त विशाल सागर ने आज कृषि पाठशाला का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस पाठशाला के जरिए किसानों को खेती में फायदा पहुंचाने की कोशिश हो रही है। उपायुक्त ने किसानों से ऑर्गेनिक खाद का इस्तेमाल करने की अपील की।

****************

झारखंड समेत पूरी दुनिया में आज **अर्थ आवर डे** मनाया जाएगा। इसके तहत लोगों से रात्रि साढ़े आठ बजे से साढ़े नौ बजे तक एक घंटे के लिए अपने घरों की बिजली बंद रखने का आह्वान किया गया है।

****************

रामगढ़ और हजारीबाग जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में एक कोयला खनन परियोजना में चल रही सात गाड़ियों को आवश्यक कागजात नहीं होने के कारण जब्त किया गया है। हजारीबाग के उप परिवहन आयुक्त संतोष गर्ग ने बताया कि सभी गाड़ी मालिकों के खिलाफ क़ानूनी कार्रवाई की जा रही है।

****************

जमशेदपुर के एग्रीको मैदान से आज निकली गयी तिरंगा यात्रा में अंग्रेजों से लड़ने वाले क्रांतिकारियों की झांकी दिखाई गयी। इस अवसर पर जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य हर एक युवा में देशभक्ति की भावना को जीवित रखना है।

****************

जमशेदपुर के मोहन आहूजा स्टेडियम में आयोजित छठी राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप का आज समापन हो गया। इस चैंपियनशिप में देशभर से 450 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। महिला एकल वर्ग में उत्तराखंड और तमिलनाडू को विजेता का खिताब मिला। आज विभिन्न वर्गों के प्रतिभागियों को पुरस्कार और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

*******समाप्त******